दिनांकः 22.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।
- राज्य सरकार ने लू और तापघात की संभावनाओं को देखते हुए चिकित्सा कार्मिकों के अवकाश किये निरस्त–संबंधित कर्मियों को मुख्यालय पर ही रहने के लिए पाबंद किया।
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर इस सप्ताह जारी रहने की संभावना–मौसम विभाग ने जारी किया भीषण लू का रेड अलर्ट।
- आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एलिमिनेटर मुकाबला।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और विद्युत वितरण निगमों को बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आमजन को पीक लोड की स्थिति में भी बिजली कटौती और पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने पीएचईडी मंत्री और ऊर्जा मंत्री को पानी–बिजली की बढ़ी हुई मांग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए प्रभावी प्रबंधन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को भी गर्मी के मौसम में बिजली की समस्याओं के निराकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सतत निगरानी और विभागों के बीच तालमेल सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से ग्रामीण आबादी को बिजली कटौती और जल की कमी से संबंधित किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। गौरतलब है कि पीएचईडी ने पेयजल संबंधी सभी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया है। जहां 0141–2222585 पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसी तरह जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। वहीं बिजली आपूर्ति सम्बन्धी समस्याओं की शिकायत विभिन्न डिस्कॉम्स द्वारा संचालित किए जा रहे हेल्पलाइन नम्बरों या बिजली मित्र एप पर की जा सकती है।

....................

राज्य सरकार ने लू और तापघात की संभावनाओं को देखते हुए सभी चिकित्सा कार्मिकों के अवकाश निरस्त कर दिये हैं और उन्हें मुख्यालय पर ही रहने के लिए पाबंद किया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर इस संबंध में निदेलशालय ने एक परिपत्र जारी किया है। सभी कार्मिक विशेष परिस्थितियों में सक्षम अधिकारी की मंजूरी लेने के बाद ही अवकाश पर जा सकेंगे। अवकाश स्वीकृति की सूचना निदेशालय को अवश्य देनी होगी। परिपत्र के अनुसार चिकित्सकों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ को लू और तापघात से बचाव तथा उपचार के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि चिकित्सा सेवाओं से जुडे कार्यालयों में चौबीस घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे। आपात स्थिति में नागरिक टोल फ्री नंबर 108, 104 और हैल्पलाइन नंबर 1070 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। सभी चिकित्सा संस्थानों में गर्मी जनित बीमारियों के मरीजों के लिए बैड आरक्षित रखने, आवश्यक दवा और जांच सुविधाओं तथा पर्याप्त मात्रा में आईस पैक और आईस क्यूब की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

इस बीच, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और पेयजल के प्रभावी प्रबन्धन के लिए सभी फील्ड अधिकारी और कर्मचारियों को मुख्यालय पर ही उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

....................

प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी का दौर इस सप्ताह जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी तीन चार दिन लू का प्रकोप जारी रहेगा। अगले 48 घंटों में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढोतरी होने की आशंका है। कल से 25 मई तक जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने और तेज लू चलने की प्रबल संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि विभाग ने भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है।

....................

इस बीच कल तापमान में और बढोतरी हुई। अधिकांश भागों में दिन का तापमान 43 से 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं कई जगह रातें भी गर्म दर्ज की गयीं। सबसे गर्म रात 34 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ जयपुर में रही। उधर, 47 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ झुंझुनूं का पिलानी दिन में सबसे गर्म स्थान रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भीषण गर्मी के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

....................

कई शहरों का तापमान 46 डिग्री को पार कर गया। अलवर, बाड़मेर, चूरू, श्रीगंगानगर, डूंगरपुर और सीकर के फतेहपुर में तापमान 46 के पार जाने से लोग बेहाल हो रहे हैं। राजधानी जयपुर में पारा 44 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रहा। भरतपुर में तेज गर्मी ने आमजन को झकझोर दिया है। अजमेर में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए फायसागर झील से पानी की आपूर्ति आज से की जाएगी। जलदाय विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। अजमेर जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर गर्मी के दौरान सुबह 11 से शाम चार बजे तक भार वाहक पशुओं के उपयोग पर रोक लगा दी है। नीम का थाना के कुछ क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, जैसलमेर सीएमएचओ ने कल विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

....................

आईपीएल क्रिकेट में आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एलिमिनेटर खेला जाएगा। इससे पहले कल, क्वालीफायर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कोलकाता ने 160 रन के लक्ष्य को 13 ओवर और चार गेंद में दो विकेट पर 164 रन बनाकर आसानी से हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की पूरी टीम 19 ओवर और तीन गेंद में एक सौ 59 रन पर आउट हो गई। आज होने वाले एलिमिनेटर मैच का विजेता शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगा। फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

....................

प्रदेश में चल रहे ''शुद्ध आहार मिलावट पर वार'' अभियान के तहत कल जयपुर में मुहाना मंडी क्षेत्र में खाद्य तेल कारोबारी के यहां कार्रवाई की गई। इस दौरान मुहाना मंडी में साढे छह हजार से ज्यादा और निवाई स्थिति फैक्ट्री पर 6 हजार लीटर खाद्य तेल सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत तेल के सैंपल लिए गए और अमानक खाद्य तेल होने की आशंका पर तेल सीज किया गया। इसी तरह हवा सड़क स्थित एक बेकरी पर भी कार्रवाई की गई। एक्सपायरी डेट की सामग्री को सीज किया गया और मौके पर ही नोटिस दिया गया।

....................